Bangladeshi immigrants in accordance with the relevant procedures.

Pressler's threat in the wake of US supply of fighter Aircraft to Pakistan

7701. SHRI V. NARAYANSAMY: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Pressler has given threat to block the legislation which the Clinton Administration is trying to bring in order to deliver F-16 Fighter Aircrafts to Pakistan violating the Pressler Amendment; and

(b) what action Government of India is taking to prevent Pakistan getting F/6 Fighter Aircrafts from USA which can be used for carrying Nuclear Wars?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI R.L. BHATIA): (a) Senator Pressler has stated that he will oppose the Clinton Administration's proposal to transfer F-16 aircraft and other military equipment to Pakistan in exchange for a verifiable cap on Pakistan's production of fissile material.

(b) Government have repeatedly emphasized its concern about the US proposal to transfer F-16 aircraft and other military equipment to Pakistan. Government have underlined that sophisticated weapon systems transferred to Pakistan will be directed against India and necessitate counter measures to meet the enhanced threat to India's security.

पारपत्र कार्यालयों का सर्वेक्षण

7702. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पारपत्र कार्यालयों में कर्मचारियों की संख्या, कार्य की अधिकता तथा कार्यालयों की अवस्थिति के आधार पर कोई सर्वेक्षण करवाया है जिससे पारपत्र कार्यालयों का कार्य युक्तिसंगत बनाया जा सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पारपत्र कार्यालयों का सर्वेक्षण पूर्ण हो चुका है; और

(घ) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम रहा?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० एल० भाटिया): (क) जी हां।

(ख) एक प्रति अनुपत्र के रूप में सदन की मेज पर रख दी गई है। [देखिए परिशिष्ट 170, अनुपत्र सं० 147]

(ग) जी, हां।

(घ) इस सर्वेक्षण का निष्कर्ष यह था कि पासपोर्ट जारी करने की समर्पूण प्रणाली की समीक्षा किए जाने तक कार्यभार के अनुसार पदों का अपेक्षाकृत संतुलित वितरण करके इस युक्ति संगत बनाया जा सकता है और ऐसा कर लिया गया है। सरकार ने वर्तमान पासपोर्ट कार्यालयों को सुदृढ़ करके कार्य-निष्पादन में वृद्धि करने तथा विलम्ब को समाप्त करने पर भी ध्यान दिया है। ऐसा स्टाफ क्षमता बढ़ाकर, कार्य करने की परिस्थितियों को बेहतर बनाकर, पर्याप्त संख्या में पासपोर्ट पुस्तिकाओं तथा आधुनिक कार्यालय उपकरणों की आपूर्ति करके प्रक्रियाओं का सरलीकरण करके तथा कार्य-निष्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना लागू करके किया गया है।

मध्य प्रदेश में चावल मिलों की स्थापना

7703. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कया सरकार मध्य प्रदेश में चावल-मिलें स्थापित करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन मिलों पर कुल कितनी धनराशि खर्च किए जाने का विचार है?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री तरूण गोगोई): (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।